





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 110 • अगस्त- 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक



जोधपुर रातानाड़ा स्थित कृष्ण मंदिर की झांकी



जोधपुर स्थित सुमेर शिक्षण संस्थान के 17वें स्थापना दिवस पर महिला महाविद्यालय का लोकार्पण करते श्री अशोक गहलोत एवं अन्य



ज्योति बा फुले वात्सल्य अकादमी का शिलान्यास करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी साथ में है जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती बाबा फुले

# सावित्री बाई फुले पुणे विद्यापीठ का नामांकरण समारोह












9 अगस्त को पुणे में आयोजित कार्यक्रम में पुणे विद्यापीठ का नामकरण सावित्री बाई फुले पुणे विद्यापीठ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री पी. के. शंकरनारायणन ( महाराष्ट्र ), श्री पृथ्वीराज चौहाण मुख्यमंत्री ( महाराष्ट्र ), केन्द्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री शरद पंवार, महाराष्ट्र के केबिनेट मंत्री श्री छगन भुजबल सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान चितोड़गढ़ के कपासन पंचायत समिति में कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण करते हुए साथ ही उद्यान में काम कर रहे किसानों एवं अधिकारियों को जुताई कर फसलों की रख रखाव की जानकारी देते हुए



दैनिक भास्कर धुंधाड़ा के श्री पुखराज सोलंकी को स्वतंत्रता दिवस पर लूणी विधायक श्री जोगाराम पटेल द्वारा किया गया सम्मानित

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 110 ● अगस्त - 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

**आवरण कथा**



## शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की महत्ती आवश्यकता – श्री सैनी

श्री अशोक गहलोत ने किया सुमेर महिला महाविद्यालय का किया उद्घाटन
विभिन्न विश्वविद्यालयों में समाज के छात्र-छात्राओं ने दर्ज की जीत
नगरपरिषद आयुक्त को एपीओ करने के विरोध में बंद रहा जालोर
अब सदाबहार क्रांति-सैनी
माली समाज के तत्वावधान में निकली पावन पद यात्रा
महात्मा फुले शिक्षण संस्थान का 21 सितम्बर को अहमदाबाद में सम्मेलन
सैनी समाज ने निकाली ठाकुर जी की भव्य रथ यात्रा
बदलिये - जमाने के साथ चलिए
माली सैनी समाज बेंगलोर ने हर्षोल्लास के साथ मनायी श्रीकृष्णजन्माष्टमी
माली समाज सामूहिक विवाह संस्थान के पदाधिकारियों का सम्मान
इंदिरा आवास के लिए आइआइटी से मदद लेगा केंद्र - श्री उपेन्द्र कुशवाहा
पिलानी के संजय सैनी बने वैज्ञानिक
विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



हम संत महापुरूषों को इसलिए याद करते है कि उन्होंने कल्याण का मार्ग अपनाया और नि:स्वार्थ भाव से मानव समाज की सेवा की और सदुपदेश दि। यदि हम सब अपने जीवन की श्रेष्ठता का भी सदुपयोग श्रेष्ठ समाज के सृजन में करे तो कितना आनंददरायक होगा ?

हमारा समजा उच्च आदर्शो से सुख शान्ति का रसास्वादन कर सकेगा। युग की परिस्थितियाँ ऐसी भयावह हो गई कि आज हर व्यक्ति अपने समाज के लिए शान्ति और संतोष चाहता है, उसके लिए मनप, वचन और कर्म से उत्साही होकर सज्जनता का व्यवहार करें और परस्पर प्रेम भाव बढ़ाएँ। कहते है निरूत्साही व्यक्ति का कोई वर्तमान और भविष्य नहीं होता। आगे वही बढ़ता है एवं लक्ष्य पूर्ति उसकी ही होती है जो समय के अनुसार प्रगति की रहा पकड़ लेता है। अनेक बार हम ऐसा सोच लेते है कि अभी नहीं बाद में कभी भी कर लेंगे। बहुत समय पड़ा है, पूरी जिदंगी करना ही करना है, ऐसी क्या जल्दी है ? यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है और उदासीनता है। कल किसने देखा है ? वर्षो बीत गए पर हमारे समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाया है। आज भी माली सैनी समाज शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में बहुत पीछे है। आर्थिक दृष्टि से भी अन्य कई समाज के मुकाबले हमारा समाज पिछड़ा है। हमारे व्यवसाय अब हर कोई जाति समाज ने छिन लिए है एवं घर घर हमारा धंधा पहुँच गया है लेकिन हम अपने दिल दिमाग से वहीं हैं जो दस पीढ़ी पहले थे।

हमारी सामाजिक परम्पराओं में और पारिवारिक जीवन में अपनी श्रेष्ठता का सदुपयोग करें। हम अपनी कुशलता को बढ़ाए, राजनीति में अधिक से अधिक प्रवेश करें और उच्च शिक्षा को बढ़ावा दें। हर व्यक्ति को समाजोत्थान की ललक उत्पन्न करें। सामाजिक एकता को मजबूत बनाएँ। बंधुओं इन पक्तियों को ध्यान से पढ़िए और सोचिए की क्या हम श्रेष्ठ समाज के सृजन के लिए तैयार हैं ? कहां है-

'' अगर चाहते हैं, बने स्वर्ग धरती, तो समर्पण की सरगम बजानी होगी,
अगर कर सके हम सृजन श्रेष्ठ समाज का, तो दुनियाँ हमारी कहानी कहेगी।''

हमें सुनागरिक के नाते परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं दायित्व का बोध होना चाहिए। हमारी धारणा यह नहीं रखे की समाज हमारे लिए क्या करता है ? बल्कि यह सोचें कि हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, और क्या कर सकते हैं ? यदि कोई अपनी प्रगति की ही कामना रख कर अपना काम करता है तो समाज का विकास कभी नहीं हो सकता। भला समूह में काम करने का जो मजा है, वह अकेले में नहीं। सामाजिक जीवन हमारा अनुशासन प्रिय हो, सामूहिक विवाह प्रथा का बढ़ावा दें दहेज के लालच को छोड़े आैर मद्यपान - धूम्रपान के संग न जाएं। गलत कदम से समाज रूग्ण होता है और अन्य जाति समाज के सम्मुख हमारे समाज की प्रतिष्ठा पर आँच आती है। हमारे मनोभाव नदी के बहते स्वच्छ पानी की भांति हो, लेकिन नियंत्रित भी रहे एवं पवित्रता का ध्यान रखें। आश्चर्य तो यह है कि हमारे बंधु न तो स्वप्रेरित है और न दूसरों के मार्ग दर्शन पर चलना चाहते हैं। तब चिन्ता सताती है और अफसोस होता है कि एक तरफ तो हम सृजन की बत करते हैं और दूसरी तरफ नाना प्रकार के बहाने बनाकर काम में रोड़ा अटकाने वाले होते हैं। तो श्रेष्ठ सृजन कैसे संभव हो सकता है ? श्रेष्ठता में ही खोट मिलाने की मानसिकता से समाज में बिखराव होता है। निर्णायक स्थिति बनानी होगी। आखिर हमारी क्या सोच है ? हम किन धातु तत्वों से बने हैं जो हम पर अपनेपन का रंग नहीं चढ़ रहा है ? समाज कोई व्यायामशाला तो हैं नहीं जहाँ हम शरीर का बल बढ़ा कर कुश्ती करें ? समाज के कल्याणकारी कार्यो के लिए तो मानसिक परिपक्वता और समझदारी की जरूरत है। उत्तम विचारों से ही समाज सशक्त होता है। समाज एक सुव्यवस्थित संस्था है। जिसे हम सद्प्रयत्नों से ही महान बना सकते हैं।

अत: हम अपनी जीजीविषा को आत्मबल से जोड़ कर अभावों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। इच्छा प्रधान व्यक्ति के लिए सब कुछ संभव होता है। प्राय: हम बड़े बड़े संतों महापुरूषों के नाम की दुहाई देते है और उनके बतलाएं आदशों का बखान कर लेते हैं पर उपदेशों के अनुरूप हम नहीं चलते है। हम आत्म निरीक्षण करें। सज्जन एवं योग्य व्यक्तियों का मान-सम्मान करें और मर्यादाओं तथा कर्त्तव्य पालन के संबंध में दृढ़ता अनपनाएँ। इसे अपना चरित्र बनाएं।

**जय माली सैनी समाज**

## हम अपनी श्रेष्ठता का सदुपयोग करें ....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

## ज्योतिबा फुले वात्सल्य अकादमी का शिलान्यास

# शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे संस्थानों की महत्ती आवश्यकता – श्री सैनी






उदयपुर, 24 अगस्त। ज्योतिबा फुले वात्सल्य अकादमी के भव्य भवन का शिलान्यास, भूमि पूजन, ग्राम पंचायत, लालपुरा, बडल ग्राम में आक्यावाला कुंआ पर शिलान्यासकर्ता राजस्थान सरकार में कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी के हाथों सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि ज्योतिबा फुले जागृति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि फागी मालपुरा विधायक सर्वश्री कन्हैयालाल चौधरी, पर्व भाजपा अध्यक्ष हरिसिंह चौहान, ताराचन्द जैन, दीपेन्द्र कुंवर व उपमहापौर महेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा की गयी समारोह की अध्यक्षता स्थानीय विधायक रणधीर सिंह भीण्डर द्वारा की गयी।

अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन संस्थापक श्री दिनेश माली व स्थानीय निवासियों द्वारा किया गया। निर्देशक श्री दिवाकर माली ने बताया कि पिछड़े व आदिवासी क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी व नवाचार के साथ शिक्षा देने का वादा किया। संस्थापक श्री दिनेश माली ने बताया कि ज्योतिबा फुले के सिद्धान्त पर चलकर इस क्षेत्र के विकास में संस्था अपनी महत्वी भागीदारी निभायेगी।

कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी अंचल में स्थापना से शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय लोग अपनी प्रतिभा आगे बढ़ा सकेंगे। समारोह को श्री हरिसिंह जी चौहान, श्री मोतीलाल साँखला, आयुक्त जालौर श्री शंकरलाल गहलोत व फागी विधायक श्री कन्हैयालाल चौधरी ने भी सम्बोधित किया।

समारोह का संचालन संस्थान के महासचिव मदनलाल शर्मा ने किया। अपन अध्यक्षीय भाषाण में स्थानीय विधायक रणधीरसिंह भीण्डर ने सम्बोधित करते हुए पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का विकास होगा। आदिवासी किसान के बालक बढ़ेंगे, क्षेत्र में पीने के पानी, रोड की समस्या का शीघ्र समाधान किये जाने की भी उन्होंने घोषणा की। संस्थान द्वारा अभिनन्दन कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

समारोह में स्थायी भगलीबाई, जगदीश जी टाली, उदयसिंह जी सांरगदेवात, निगम पार्षद चन्द्रा राव, कुसूम लता, मनोहरसिंह पंवार, अनिल सिंघल, भगवान जगदीश शर्मा, कल्याण सिंह जी बूडेल एवं 50 गांव के प्रतिनिधि उपस्थिति के साथ समारोह का भव्य समापन हुआ।





### सुमेर सीनियर सैकण्डरी स्कूल का 117वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# श्री अशोक गहलोत ने किया सुमेर महिला महाविद्यालय का किया उद्‌घाटन









जोधपुर। महामंदिर स्थित सुमेर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के 117वें स्थापना दिवस पर सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व मुख्यमंत्रीश्री अशोक गहलोत बतौर मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम स्कूल के संस्थापकों को पुष्पांजलि अर्पित कर सुमेर शिक्षण संस्थान एवं जेडीए के सहयोग से निर्मित सुमेर महिला महाविद्यालय का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेडीए के पूर्व चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी ने की। पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा माली संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, जोधपुर भवन धर्मशाला के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

अतिथियों ने दीप प्रजवलन के साथ शुभांरभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व






महिला सशक्तिकरण पर लघु नाटिका का बहुत ही सुंदर मंचन किया। विद्यालय प्राचार्य गजेन्द्र टाक ने गहलोत को कार्यक्रम मे दौरान 1961-62 की स्मरणिका दिखाते हुए स्कूल छात्रसंघ के उपमंत्री के रूप में उनकी फोटो दिखाई तो एक पल गहलोत अपने छात्र जीवन की यादों में खो गए। यह ऐसा अवसर था जब इसी स्कूल के छात्र रहे श्री अशोक गहलोत अतिथि बनकर यहां आए। राजनीजिक मंच पर भले की भाजपा कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी पार्टियां हो लेकिन सामाजिक कार्यक्रम में दोनों पार्टियों के नेता एक साथ बैठे नजर आए। जिसमें श्री अशोक गहलोत, राजेन्द्र गहलोत, राजेन्द्र सोलंकी, नरेन्द्र कच्छवाहा शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी पदाधिकारीगण छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजनों के साथ ही विद्यालय के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रमोद गहलोत
शेरसिंह गहलोत
गहलोत एजेन्सीज
(M) 9414766560
876999111


हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्ठियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।


दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चाँदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर
INALSA Home Appliances
BAJAJ Electric
Surya flame
Sunflame
PKL LIMITED

# विभिन्न विश्वविद्यालयों में समाज के छात्र–छात्राओं ने दर्ज की जीत

राजस्थान के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कॉलेजों में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में माली सैनी समाज के छात्र छात्राओं ने जीत का परचम लहरा कर समाज को गौरवान्वित किया। माली सैनी संदेश सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हुए आशा व्यक्त करता है कि वे शिक्षा के हित में विद्यार्थियों की सहायता के लिए हर समय कार्य करते रहेगें। तथा विशेषकर समाज के विद्यार्थियों की सहायता हेतु हमेशा तत्पर रहेगें।

| विजयी प्रत्याशी | पद | कॉलेज का नाम | जिला |
|---|---|---|---|
| अंकित गहलोत | महासचिव | जयनारायण व्यास कॉलेज | जोधपुर |
| सुश्री सुमन माली | सचिव | कमला नगर महिला कॉलेज | जोधपुर |
| | | चैरपुरा कॉलेज | जोधपुर |
| सुश्री सुमित्रा गहलोत | अध्यक्ष | राजकीय कॉलेज | पीपाड़ |
| मुकेश सांखला | अध्यक्ष | बालेसर कॉलेज | बालेसर |
| सुश्री आशाकुमारी सैनी | उपाध्यक्ष | चौमूं महिला कॉलेज | चौमूं |
| सोहनलाल सैनी | उपाध्यक्ष | संस्कृत कॉलेज | चौथवाड़ा |
| विजयकुमार सैनी | अध्यक्ष | स्वामी विवेकानंद कॉलेज | कोटपूतली |
| गणेश सैनी | महासचिव | स्वामी विवेकानंद कॉलेज | कोटपूतली |
| रामपाल सैनी | अध्यक्ष | राजकीय कॉलेज | थानागाजी |
| भीम सैनी | महासचिव | आर.आर. कॉलेज | अलवर |
| सुश्री पूनम सैनी | उपाध्यक्ष | जीडी कॉलेज | अलवर |
| केशव सैनी | महासचिव | झुंझनु कॉलेज | झुंझनु |
| सुश्री बबली सैनी | अध्यक्ष | नेतराम कॉलेज | झुंझनु |
| सुश्री अंजू सैनी | महासचिव | नेतराम कॉलेज | झुंझनु |
| राजेन्द्र सैनी | महासचिव | बामनवास कॉलेज | |
| विरेन्द्रकुमार सैनी | महासचिव | राजकीय विधी कॉलेज | सीकर |
| सुश्री भागली सैनी | अध्यक्ष | राज. कमला मोदी कॉलेज | नीमका थाना |
| प्रवीण सैनी | अध्यक्ष | रामगढ़ कॉलेज | शेखावटी |
| धमेन्द्र सुंदेशा | महासचिव | जालोर कालेज | जालोर |
| सुश्री सोनू सैनी | सचिव | बांदीकूई कॉलेज | बांदीकूई |
| रामकरण सैनी | उपाध्यक्ष | पी.जी. कॉलेज | बूंदी |
| विमल सैनी | महासचिव | सवाई माधोपुर कॉलेज | स. माधोपुर |
| सुश्री कविता सैनी | महासचिव | डी. पी. कॉलेज | बाड़मेर |

### कोर्ट ने दिए बहाली के आदेश

# नगरपरिषद आयुक्त को एपीओ करने के विरोध में बंद रहा जालोर





जालोर नगरपरिषद इन दिनों राजनीति उठापटक का अखाड़ा बन चुकी है, एक के बाद एक कर्मचारियों को निलंबन या एपीओ करने की कार्रवाई से कर्मचारियों में भव व्याप्त हो गया है। वहीं शहर में विकास कार्यो के प्रति गंभीरता से कार्य करने वाले आयुक्त को एपीओ करने पर सोमवार को जालोरवासी आक्रोशित होकर जालोर बंद रख अपना गुस्सा जताया। इससे पहले संघर्ष समिति की और से ऑटो में बंद की मुनादी करवाने के साथ शहरवासी हरिदेव जोशी सर्किल स्थित अंबेडकर सभा स्थल पर एकत्रित हुए। जहां आमसभा कर वरिष्ठ लिपिक के निलंबन तथा आयुक्त को एपीओ किए जाने पर सरकार व प्रतिपक्ष नेता के खिलाफ आक्रोश जताया।

इसके बाद शहरवासी तथा परिषद के कर्मचारी जुलूस के रूप में सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए रवाना हुए। रास्ते भर जनता व कर्मचारी नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। मध्यान करीब साढ़े ग्यारह बजे जुलूस कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंचा जहां कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा ने नगरपरिषद कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रतिपक्ष नेता के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी के लहजे में खरी खोटी सुनाई। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय जांच को लेकर कलेक्टर व उपखंड अधिकारी की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में सही तथ्यों का अभाव है।

## झाड़ू उठा निलंबन का जताया विरोध

बंद के दौरान समिति की ओर से निकाले गए जुलूस में जहां महिला सफाईकर्मी हाथ में झाडू लेकर आयुक्त के एपीओ व वरिष्ठ लिपिक का निलंबन रद्द करने की मांग करती नजर आई, वहीं पुरुष सफाईकर्मी भी अपने अधिकारी के एपीओ आदेश रद्द करने की मांग का समर्थन करते दिखे।

## ज्ञापन में तथ्यों को बताया आधारहीन

जालोर नागरिक संघर्ष समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर राजन विशाल को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि एक व्यक्ति विशेष के कहने पर तथ्यों की जानकारी व बिना कारण की गई कार्रवाई से जालोर की जनता में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि आयुक्त गहलोत के कार्यकाल में शहर में सड़को, नालियों, हाइमास्ट लाइटें लगने के साथ विकास कार्यो को गति मिली है। समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री से आयुक्त व वरिष्ठ लिपिक के आदेश जनहित में निरस्त करवाकर जालोर की जनता की जनभावना को सम्मान दिलवाकर अनुग्रहित करने की मांग की है।

## विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

जालोर नागरिक संघर्ष समिति की ओर से जालोर बंद के आहान को लेकर विभिन्न संगठनों ने अपना समर्थन दिया। जालोर बंद को सभी व्यापारी संगठनों, ऑटो रिक्शा यूनियन, फॉर व्हीलर टैक्सी यूनियन, सब्जी विक्रेता, निजी स्कूल संचालक, मजदूर संघ, कर्मचारी संघ, नगरपरिषद कर्मचारी व गणमान्य नागरिकों ने समर्थन दिया। वहीं कलेक्ट्रट के सामने पिछले चार दिनों से धरने पर बैठे ग्रेनाइट एसोसिएशन के सदस्यों ने भी जालोर बंद को अपना समर्थन दिया।



# अब सदाबहार क्रांति–सैनी

जयपुर- आगामी समय में प्रदेश की कृषि एवं किसान विकास का कार्य एक नई करवट लेगा, इसका अंदाजा 14 वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में कृषि, उद्यान व पशुपालन विभाग की अनुदान मांगो पर हुई चर्चा में कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी की मुखरअंदाजी से लगाया जा सकता है।

चर्चा में श्री सैनी ने जहां कृषि के प्रति अपनी नवाचारी सोच का परिचय दिया, वहीं पक्ष- प्रतिपक्ष के सदस्यों को अपने इरादों का आकाश दिखाया। अनुदान मांगों में जलबचत, कृषि शिक्षा, कीट-खरपतवार प्रबंधन, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, संरक्षित खेती, जिंस विपणन, गौ और ऊंट वंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्यो के साथ पशुधन आरोग्य नि:शुल्क दवा योजना एवं सकल कृषि क्षेत्र पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सत्तापक्ष के सदस्यों से वाह-वाही लूटी। कृषि-पशुपालन क्षेत्र की अनुदान मांगों के दौरान प्रतिपक्ष के सदस्यों का सदन में उपस्थित नहीं रहने को कृषि मंत्री सैनी ने दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए कहा कि जिस प्रतिपक्ष को 70 प्रतिशत किसान हितों की चिन्ता होनी चाहिए थी, वो सदन से गायब है।

कृषि मंत्री ने किसानों के प्रति अपनी सोच को कवि रामधारी सिंह दिनकर की **शीत कापता जिसके वेग से, आतप ठंड़ा पड़ जाता, वर्षा से वो क्या घबराता, लिए फावड़ा वह जब चलता...** इन पंक्तियों के साथ प्रकट किया। राजस्थान की कृषि चुनौतियों का जिक्र करते हुए सैनी ने कहा हिंदुस्तान में राजस्थान ऐसा प्रदेश है, जिसने 11 जिंसों में अपने को प्रथम पायदान पर बना रखा है। बात करे ऑलिव की तो जैतून की खेती ने राजस्थान को अतंरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। कृषि, पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए कृषि-पशुपालन क्षेत्र के लिए घोषित बजट गत वर्ष से 36 प्रतिशत अधिक है। बजट में आयोजना भिन्न मद में 943.55 करोड़, आयोजना मद में 2072.31 करोड़ व सीएसएस मद में 650.18 करोड़ का प्रावधान किया है यानी कुल 3665.97 करोड़ का बजट दोनों क्षेत्र के विकास के लिए रखा है। जबकि गत वर्ष यह 2681.38 करोड़ ही था। सदन में कृषि मंत्री ने बताया कि राजस्थान की कृषि विकास दर गुजरात के समान ही है। हम इसको मध्यप्रदेश की दर के बराबर लाने के प्रयास में जुटे हुए है, हांलाकि राजस्थान की कृषि विकास दर देश की कृषि विकास दर से आगे है। राजस्थान की कृषि विकास दर 5.27 है जबकि देश की 3.55 प्रतिशत है। गुजरात की 5.36 व मध्यप्रदेश की 9.50 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कृषि को लेकर एक विजन है एक सपना है जिसे में अपने शब्दों में बयां कर रहा हूं। प्रदेश में हरित क्रांति के बाद, श्वेत क्रांति, श्वेत क्रांति के बाद पीत क्रांति, विपणन क्रांति के बाद नीली क्रांति और अब प्रोटीन क्रांति को जोड़ते हुए राजस्थान में सदाबहार क्रांति लाने के लिए हम प्रयासरत है। सदाबहार क्रांति लाने के लिए हमें एग्रीकल्चर के साथ हॉर्टिकल्चर, ऑलेरीकल्चर, फ्लोरीकल्चर, प्लास्टिक कल्चर, एमीकल्चर, सेरीकल्चर, वर्मीकल्चर, टिश्यूकल्चर, एक्वाकल्चर, हर्बीकल्चर, वीटी कल्चर, सिल्वीकल्चर, अर्बोरीकल्चर, पॉलीकल्चर, पॉटकल्चर, पिसीकल्चर और पाश्चरकल्चर पर काम करेगी, तभी हम राजस्थान को देश में कृषि का सिरमौर बनाने में कामयाब होंगे।

फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार अलग से पुष्प निदेशालय गठन की घोषणा कर चुकी है। गौ और ऊंट वंश संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए राज्यसरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008-09 में हमारी सरकार ने राजस्थान में विश्व प्रसिद्ध किस्मों के साथ खजूर की खेती का श्रीगणेश किया। आज पश्चिमी राजस्थान का नाम खजूर उत्पादक देशों के साथ आने लगा है। इस वर्ष लगभग 400 टन खजूर के उत्पादन की सम्भावना है। चालू वर्ष में प्रदेश के 12 जिलों में खजूर की खेती का लक्ष्यसरकार ने रखा है। जैतून की रिफाइनरी लगाने के बाद अब ब्राजील, फ्रांस,मोस्को, इटली, इजरायल आज राजस्थान से एमओयू करने के लिए तत्पर है। देशी गायों के नस्ल संरक्षण और संवर्द्धन का उन्होंने सदन को विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज दुग्ध और दलहन उत्पादन में देश में दुसरे पायदान पर है। दोनों में प्रोटीन की प्रचुर मात्रा हैं। दुग्ध और दलहन से राजस्थान प्रोटीन क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि इस सदन में 80 प्रतिशत लोग किसान हैं। हमें इसकी चिंता करनी होगी। किसान के प्रति घड़ियाली आंसू बहाने से अब काम चलने वाला नहीं है। कृषि मंत्री सैनी ने अनुदान मांगे सदन में प्रस्तुत करने के बाद इन पंक्तियों के साथ अपनी बात पूरी की।..**घनघोर अंधेरा है, बहुत परेशानियां है, लेकिन फिर भी मेरा कुछ वादा है, कुछ करना चाहता हूं, सोने से पहले कुछ करके जाऊंगा..।**

– 5 हजार डिग्गी, 9 हजार फार्मपॉण्ड़ व 1 हजार जलहॉज के लिए 155.50 करोड़ का अनुदान

# कृषि विभाग की घोषणाएं :

- आगामी पांच वर्षो में 68 लाख कृषि जोतों के मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रयोगशाला स्थापना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान
- कृषि आकस्मिक योजना के लिए 70 करोड़
- बांसवाड़ा में राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक उत्पादन प्रमाणीकरण ईकाई स्थापना के लिए 1 करोड़
- रसायन अनुदान के लिए 5.20 करोड़।
- जैविक खेती प्रोत्साहन के लिए 2.14 करोड़
- 2224 कृषि पर्यवेक्षकों के पदों पर भर्ती शीघ्र
- उनियारा कृषि महाविद्यालय के सुदृढ़ीकरण के लिए 3.20 करोड़।

**उद्यानिकी**

- धौलपुर, झालावाड़ व टोंक में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए 22 करोड़
- जयपुर, सीकर, अलवर, कोटा व अजमेर जिले में आरकेवीवाई के तहत सब्जी उत्पादन के लिए 12 करोड़
- 5.65 लाख वर्गमीटर में ग्रीन हाउस व शैडनेट स्थापना के लिए 19.50 करोड़ रूपय

**कृषि विपणन**

- शाहपुरा (भीलवाड़ा), केलवाड़ा (बांरा), बस्ती (जयपुर), मोहनगढ़ (जैसलमेर), पलसाना (सीकर), छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़), गुढ़ागोडजी (झुन्झुनू), दूनी (टोंक), महुआ (दौसा), राजधानी मंड़ी (जयपुर), में नई मंड़ी
- आवश्यकतानुसार मंड़ी समीतियों में आधुनिक किसान कलेवा केन्द्र निर्माण को प्राथमिकता।

**पशुपालन**

- एफएमड़ी मुक्त राजस्थान के लिए वृहद कार्ययोजना,
- तहसील मुख्यालयों तक कोल्ड़ चेन सुविधा विस्तार के लिए 35 करोड़
- 288 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के लिए भवन निर्माण, 34 औषधी भंड़ार का निर्माण, 34 पॉलिक्लिनिकों में डार्क रूम निर्माण हेतु 23 करोड़
- 34 जिला पॉली क्लिनिक में एक्सरे एवं सोनोग्राफी मशीन के लिए 1 करोड़
- पशुआरोग्य निशुल्क दवा योजना के लिए 35 करोड़
- प्रशिक्षण संस्थानों, लैब एवं फार्म सुदृढ़ीकरण के लिए 6.20 करोड़
- 2000 आईएलड़ी केन्द्रों की स्थापना
- देशी गौ वंश संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए वेटरनरी विवि. को 11 करोड़
- सेक्स्ड़ सीमन योजना हेतु 1.5 करोड़
- गौपालन विभाग को गौवंश नस्ल सुधार हेतु 5 करोड़
- तरल नत्रजन परिवहन हेतु 2 करोड़
- 10 हजार महिलाओं को पासओन योजना के तहत बकरी वितरण हेतु 10.42 करोड़
- दुग्ध भंड़ारण क्षमता विकास एवं खोवा मशीन के लिए 4 करोड़
- स्नातकोत्तर पशु चिकित्सा संस्थान, जयपुर में बकरी एवं ऊंट के दूध के मूल्य संवर्द्धन हेतु 4.90 करोड़
- ऊंट सर्रा रोग नियंत्रण, सर्वेक्षण एवं रोग निदान हेतु 1 करोड़
- 5 जिलों में पशु चिकित्सा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना हेतु 9.20 करोड़
- सैवण घास उत्पादन, संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु 6.50 करोड़
- मत्स्य फार्म चंदलाई-टोंक के सुदृढ़ीकरण व बीजोत्पादन हेतु 2.75 करोड़
- रावतभाटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा में मत्स्य अभिजनक बैंक स्थापना के लिए 1.50 करोड़
- वेटरनरी कॉलेज बीकानेर में बीवीएससी व एएच. की प्रवेश क्षमता 75 से बढ़ाकर 100

## विश्वविद्यालय छात्र-संघ चुनावों में विजयी प्रत्याशी


पूजा सैनी


कविता सैनी


भागली सैनी


दीपिका सैनी


गीता सैनी



सुमित्रा गहलोत


पिंकी सैनी





सुमन सैनी


मुकेश सांखला



## नंद घर आनंद भयौ, जय कन्हैया लाल की

# माली समाज के तत्वावधान में निकली पावन पद यात्रा

बालोतरा। माली समाज बालोतरा द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर बालोतरा धाम भगवती आश्रम पचपदरा पावन पद यात्रा संघ रविवार को माली समाज भवन गांधीधाम से प्रात: साढे 7 बजे हनुमान बगेची सदमड़ी गादीपति नरसिंगदास महाराज, नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान, माली समाज अध्यक्ष करनाराम पंवार व मंगलाराम जी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पावन पद यात्रा संघ में हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालु श्री कृष्णकी भक्ति में लीन होकर गाजे बाजे के साथ भजन मण्डली द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को नाचने व झुमने के लिए मजबूर करते हुए पचपदरा वृन्दावन धाम पहुंचे। पावन पद यात्रा में मध्यप्रदेश की भजन गायिका माधुरी वैष्णव रतलाम, सरिता खारवाल पचपदरा हर्ष माली, अशोक प्रजापत, जबराराम पंवार, राणाराम गहलोत, रामेश्वर पंवरा, रामु माली सहित अनेक भजन गायकों ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित अनेक भजनों के साथ अनेक देवी देवताओं के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं से भाव विभोर किया। पावन पद यात्रा माली समाज भवन गांधीपुरा से रवाना होकर डाक बंगला, प्रथम रेलवे क्रासिंग, नगर परिषद रोड़ होते हुए पचपदरा, गुलाब सर्किल, मुख्य बाजार से होते हुए वृन्दावन धाम भगवती आश्रम पहुंची। बीच रास्ते में जगह जगह पावन पद यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ भजन मण्डलियां, भगवान श्री कृष्ण झांकी व डी जे साउण्ड पर सैकड़ों युवा नाचते झुमते चल रहे थे। पावन पद यात्रा का पचपदरा रोड़ स्थित धोरानाड़ी बालाजी मन्दिर पर जोधपुर से भक्त पवन शर्मा व दलपत सांखला के नेतृत्व में भामाशाहों व संतों का स्वागत किया गया। पद यात्रा में पचपदरा से वृन्दावन धाम पहुंचने पर समिति के जयप्रकाश कोठारी, सहदेव खारवाल, अर्जुनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसे पश्चात पद यात्रियों ने मन्दिर परिसर में बाल गोपाल श्री कृष्ण की आरती उतारकर प्रसाद का भोग लगाया तथा महासती भगवती की समाधि स्थल पर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

भक्त खेताराम पंवार व डूंगरचंद पंवार ने मन्दिर के शिखर ध्वजा चढ़ाई। इस अवसर पर बाबुलाल गहलोत, अमराराम आर सुंदेशा, मोहनलाल कच्छवाह, दौलत सुंदेशा, चम्पालाल सुन्देशा, सीमाराम चौहान, ओमप्रकाश गहलोत सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पावन पद यात्रा को सफल बनाने में माली समाज सर्वोदय सोसायटी, माली समाज सब्जी मण्डी एसोसियेशन, डेजर्ट ट्रेडिशनल आर्ट एण्ड यूथ सेन्टर माली समाज शिक्षा जागृति मंच, श्री लिखमारामजी फाउण्डेशन ट्रस्ट इत्यादि सभी संस्था के कार्यकर्तार्टो ने सहयोग प्रदान किया।





# महात्मा फुले शिक्षण संस्थान का 21 सितम्बर को अहमदाबाद में सम्मेलन

नई दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान ने बताया संस्थान का तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन अहमदाबाद टेक्सटाईल मिल्स एसोसियेशन आश्रम रोड़ नवरंगपुरा अहमदाबाद 380009 में 21 सितम्बर को होने जा रहा है। अ ध्य क्ष ता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरराव लिंगे , उद्घाटनकर्ता राजेन्द्र गहलोत पूर्व मंत्री, प्रमुख अतिथि बी. आर सैनी, विशेष अतिथि स्क्वा. लीडर कमल चौधरी। सम्मेलन के मुख्य अतिथि माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार होगे। श्री एम. कृश्णास्वामी भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक, अनिल भाई माली पूर्व विधायक, एन. एल. नरेन्द्रबाबू होंगे।

सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष गंगाराम गहलोत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संस्थान के रहेंगे। इ स अवसर पर संस्थान की वार्शिक आम सभा /संस्थान का मुखपत्र ''शिक्षा ईशारा'' का लोकार्पण/ शिक्षादान की अभिनव योजना पर विचार विमर्श होगा/ संस्थान की भूमि, आयकर, वार्षिक रिपोर्ट, भावी कार्य योजना , आदि 11 प्रस्तावों पर भी विचार होगा। संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री रामलाल कच्छावा ने बताया कि सम्मेलन में 18 राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेने अहमदाबाद पहुचेंगे। इस अवसर पर संस्थान की प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी प्रदर्शित की जायगी।



**जयपुर । महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान की ''शिक्षादान की अभिनव योजना''की प्रोजेक्ट रिपोर्ट मा. श्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को प्रदान करते हुए महासचिव रामनारायण चौहान, कोषाध्यक्ष श्री रामलाल कच्छावा एवं अध्यक्ष शंकरराव लिंगे।**

# सैनी समाज ने निकाली ठाकुर जी की भव्य रथ यात्रा






सैनी समाज नीम चौकी शहर सवाई माधोपुर द्वारा श्रावण मास की पावन तिथि शुक्लपक्ष की नाग पंचमी को श्री गोपाल जी महाराजके मंदिर से ठाकुर जी की भव्य रथ यात्रा शाही अंदाज में गाजे–बाजे के साथ निकाली गयीं। रथ यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से गुजरती हुई पुनः मंदिर पहुंची। रथ यात्रा में समाज की महिलाएं, पुरूष, बच्चों सभी ने नाचते गाते हुए रथ यात्रा में शामिल होकर सामजिक एकता का परिचय दिया। युवा नेता कमलेश बारवाल के अनुसार यात्रा के दौरान जगह – जगह पर पुष्पों की बरसात करके श्रद्वालुओं ने रथ यात्रा का स्वागत किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर ठाकुर जी की आरती उतारी गयी। यात्रा में जिले के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रथ यात्रा की व्यवस्था समाज के सर्वश्री लक्ष्मीकांत सैनी, योगेन्द्र सैनी, महेन्द्र सैनी, रमेश सैनी, जुगराज सैनी आदि कार्यकर्ताओं ने संभाली। रथ यात्रा पश्चात समाज की धर्मशाला में सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। रथ यात्रा का संचालन कमलेश बारवाल ने किया और रथ यात्रा को सफल बनानें पर सभी को धन्यवाद दिया।

# बदलिये – जमाने के साथ चलिए

डा. सत्यनारायण सिंह, आई.ए.एस. (आर)



जमाना बहुत तेजी के साथ बदल रहा है। सभी समाज संगठित रुप से योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। राजनैतिक क्षेत्र, निजी व सरकारी सेवाओं में हमारा प्रतिनिधित्व (विशेषकर उच्च पदो पर) नगण्य है। हमने हमारे गांधीवादी सरल सहज मुख्य मंत्री अशोक गहलोत से भी प्रेरणा प्राप्त नही की। उनकी भी शक्ति नहीं बने।

हम आपस में एक दूसरे का सुख दुख नही बांटते। पुराने रीति रिवाज पुराने ढंग से चल रहे हैं। हम उच्च वर्ग एवं प्रगतिशील लोगों से प्रेरणा नही लेते उनकी अच्छाईयों को नही अपनाते, उनकी बुराईयों व गलत परम्पराओं को तुरंत अपना लेते है। राज्य में पृथक पृथक क्षेत्रों में अलग अलग सामाजिक बुराईया व्याप्त है, कम होने की बजाय बढ़ रही है। अन्याय का हम दृढता से सामना नही करते। संगठित संघर्ष नही करते। अब नही चलेगा 'करवा कुम्हार का घी जुजमान का, पंण्डितजी बोले स्वाहा'। हमारे महान पुरखों से भी हम प्रेरणा प्राप्त नही करते। महिला शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा में हम पिछडे रहे है। नवयुवको में बेरोजगारी है। ईर्षा, द्वेष तो जैसे हमारे खून में है। एक दूसरे की मदद नही करते। कहां है

'स्वार्थ का ही जब लगा दरबार हो, जब समझ ही लुंज या लाचार हो, रूग्ण मांझी, मग्न जब पतवार हो, हम नदी के पर कैसे जायेंगें''

खुदा भी उस कौम का भला नही कर सकता, जिसे खुद आगे बढ़ने की इच्छा नही हो व सामुहिक प्रयास नहीं करें। समाज चोर उचक्को की वजह से नही पिछड़ता, समाज पीछे रह जाता है जब उसके पढ़े लिखे लोग लाचारी व्यक्त करें व समाज को आगे बढाने का संगठित व सुनियोजित प्रयास नही करें। मैं आजकल राज्य के पिछडे इलाकों में जहां हमारे भाईयों की स्थिति अधिक कमजोर है, सक्रिय हूँ। लेखन कार्य भी कर रहा हूँ

**है नही तलवार हमारे साथ में तो क्या हुआ, हम कलम से ही करेगे सिर-फिरो के सिर कलम।**

हमें हमारी युवा पीढी को हर प्रकार से सहयोग प्रदान करना है। महापुरुषों, बुजुर्गो को याद करना, जन्म तिथि पुण्य तिथि, मनाना हमारा कर्तव्य है परन्तु उनके बताये सिद्धान्तों को अपनाना, उनके बताये मार्ग पर चलना आवश्यक है, अधिक महत्वपूर्ण है। यदि हम वही सब कुछ करते जायें जिसका निषेद व विरोध उन्होंने किया था तो क्या लाभ ? मैं कहा करता हूँ गांवों में –

**'उठो हटा दो बीच की दीवार को, देखना आगन तुम्हारा दौगुना हो जायेगा''**

हमें पूरी तैयारी के साथ मानसिक बदलाव के साथ, जोश व उमंग के साथ उठ खड़ा होना है तभी हमारा अस्तित्व सम्मान जनक स्तर पर बनेगा। 'यह खामोशी कब तलक ? जोश (लज्जते) फरयादे पैदा कर, जर्मी पर तू हो और तेरी सदा हो आसमानों पर'।

शायर फेज ने कहा है – बेबसी का कोई धर्मा (इलाज)नही होता। जब शरीफ आदमी कायर और निकम्मा हो जाता है तभी समाज बर्बाद होता है। हमें हमारी आदते बदलनी होगी। आज तो हालात यह है:-

जरा सा व्यापार मिला अहंकार हो गया, जरा सा धन मिला बेकाबू हो गया, जरा सा ज्ञान मिला, उपदेश की भाषा सीखली, जरा सा सम्मान मिला, पागल हो गया, जरा सा अधिकार मिला, लोगों को तबाह कर दिया, जरा सा रूप मिला, दर्पण ही तौड़ डाला।

हमें समाज के लोगों की इस प्रवृति को बदलना है। ऐसे लोगों को आगे आना है। जो जीवन्त हों। हमें माला पहनानें, साफे बांधने, राखी व चुनरी उडाने की आदत छोड़नी है। स्वयं माला पहनने की आदत डालनी है। मैं समाज के एक समारोह में गया था वहां पर एक अन्य समाज के महानुभाव मुख्य अतिथि थे। आयोजकों व अन्य मेहमानों ने उनकी तारीफ के कसीदे कडें। मैने कहा 'जो लोग तुम्हें अपने समारोहों में आमंत्रित ही नही करते, केवल अपने सेवार्थ बुलाते है, उन्हें आपने बुलाया, अच्छा किया, मुख्य अतिथि बनाया, अच्छा किया, गुणगान किया, बहुत अच्छा किया परन्तु उनसे मामुली चीजों के लिए मांग कर अपने आप को नीचां मत गिराओं, इनमें सीखों। क्या ये लोग आप लोगों के प्रबुद्ध व वरिष्ठजनों को अपने सामाजिक कार्यक्रमों में आमंत्रित करते है? इन्हें महसूस कराओं ये भी अपने समाज के कार्यक्रमों में आप लोगों के वरिष्ठ लोगों को बुलाकर सम्मान दें। मुझें लोगों ने कहा अच्छा कहा और अपनी उन्ही के द्वारा दी गई पीड़ायें सुनाई।' जहां एक मालन गरीब महिला के, पांवों के कडों की खातिर, पांव काट दिये हम चुप रहे। हमने अन्य समाज के नेताओं का नेतृत्व प्राप्त कर फजीहत कराई। संगठन की कमी से ऐसा घटनायें होती रहती है 'वो मुझे पूछते हैं कि दर्द कहा जाता है? एक जगह दर्द होतो बताऊ। यहां तो हर जगह दर्द ही दर्द है'। हम शिक्षण-सप्रशिक्षण संस्थाऐं, छात्रावास खोलने आवश्यकतानुसार छात्रों को सहयोग करने की अपेक्षा मंदिर निर्माण करने, विभिन्न समारोहों को आयोजित करने बडे 2 भोजों के आयोजन करने में खून धन राशि व्यय कर रहे है। हमारे पढे लिखे लोग दहेज प्रथा को अपना रहे है एवं बढावा दे रहे है। मृत्यु भोज के नाम पर सवामणी कर रहे है। इन बुराईयों को दूर करने के लिए हमारा संगठित प्रयास नहीं के बराबर है।

मेरी जैसी उम्र के महानुभाव नहीं बदलेगें, परन्तु युवकों को बदलने के लिए नई सोच के लिए प्रेरित करना ही होगा। हम सहयोग करें, सहायता करें- मार्ग दर्शन करें , उन्हें आगे बढ़ाने परन्तु गुलामवंश के शहजादे अथवा राजनैतिक दल विशेष के जरखरीद गुलाम नही बनाये, प्रगतिशील विचारधारा को अपनायें। याद रखें सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नही।










# माली सैनी समाज बेंगलोर ने हर्षोल्लास के साथ मनायी श्रीकृष्णजन्माष्टमी

बेंगलोर। माली (सैनी) समाज कर्नाटक बैंगलोर के तत्वावधान में श्रीकृष्णजन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास से पैलेस ग्राऊंड़ स्थित 'किंग्स कोर्ट' में मनाया गया। श्रीकृष्णजन्माष्टमी महोत्सव की रजत जंयति के उपलक्ष में माली (सैनी) युवा संगठन बैंगलोर ने आयोजन का बीड़ा उठाकर कार्यक्रम को नई ऊँचाई प्रदान की, कार्यक्रम के तहत भगवान श्रीकृष्ण की मनोरम झांकी सजाई गई, भगवान श्रीकृष्ण एवं संत शिरोमणी लिखमीदासजी महाराज की तस्वीरों की पूजा अर्चना, आरती की गई, भजन गायक मंगल पांडे ग्रुप ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में माली (सैनी) समाज कर्नाटक बैंगलोर के अध्यक्ष श्री भंवरलाल तंवर मंत्री श्री हरिदेव गहलोत, माली (सैनी) समाज बनशंकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दलाराम सांखला, उपाध्यक्ष श्री कानाराम पालडीया, माली (सैनी) समाज बर्तुर बैंगलोर पूर्व के अध्यक्ष श्री हापुराम चौहान, माली समाज (जालोर सिरोही बाड़मेर) के मंत्री श्रज्ञी वरदीचन्द देवड़ा, संगठन मंत्री श्री दुदाराम सोलंकी कोषाध्यक्ष श्री रमेश सोलंकी, माली (सैनी) समाज बैंगलोर दक्षिण के अध्यक्ष श्री भागीरथ पंवार, माली (सैनी) क्षैत्रीय समाज 31 खेडा बैंगलोर के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश बागवान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में माली (सैनी) समाज के सभी संगठनों का तन, मन, धन, से सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की युवा शक्ति का विशेष योगदान रहा। माली (सैनी) युवा संगठन बैंगलोर के अध्यक्ष सर्वश्री उत्तम पंवार, संरक्षक अमित बागड़ी, कार्यकारिणी प्रमुख रमेश कच्छवाहा, प्रकाश परमार, महेन्द्र बागड़ी, रूपेश सोलंकी सहित युवा संगठन के सभी सदस्यों को सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मशहूर मंच संचालक नवरतन सोनी शिवगंज ने किया।

# माली समाज सामूहिक विवाह संस्थान के पदाधिकारियों का सम्मान

बीकानेर। भैरू मण्डली किसमीदेसर के तत्वावधान में गैरा भैरू मंदिर, किसमीदेसर में लोक देवता भैरू नाथ बाबा का अभिषेक व जागरण का आयोजन रखा गया जिसमें माली सैनी समाज सामूहिक विवाह संस्थान, बीकानेर के पदाधिकारीयों को सम्मान किया गया।जागरण मंडली के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल गहलोत ने संस्थान के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भाटी व मंडली के श्री राधेश्याम गहलोत, श्री झंवरलाल टंक ने संस्थान के श्री गौरधन सांखला ने माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री घनश्याम गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मण्डली के सदस्यों द्वारा सम्मान पाकर संस्थान के सभी पदाधिकारी को संस्थान में काम करने के लिए नई उर्जा केसंचार की अनुभूति हुई है व हम सीाी को ओर भी जिम्मेदारी, मेहनत व लगन के साथ काम करने की प्रेरणा मिली है।जागरण में सम्मान के कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद गहलोत ने किया व जागरण में श्री सुनील तंवर द्वारा प्रस्तुत भजनों का संस्थान के पदाधिकारीयों ने आंदन लिया उपस्थित श्रोताओं ने भी तालियां बजा कर कलाकारों का हौंसला बढ़ाया।

## इंदिरा आवास के लिए आइआइटी से मदद लेगा केंद्र – श्री उपेन्द्र कुशवाहा



इंदिरा आवास योजना के तहत टिकाऊ और आपदारोधी मकान के लिए केन्द्र सरकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) की मदद ले रहा है, इंदिरा आवास योजना के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ऐसा निर्णय लिया है, इसी के तहत आइआइटी भगौलिक परिस्थितियों के मुताबिक किफायती, आपदारोधी, गुणवत्तापूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ इंदिरा आवास बनाने पर कार्य कर रहा है. आवास का प्रारूप इस तरह तैयार किया जायेगा, जिससे घर के लिए जरूरी चीजों का समावेश हो सके। लोकसभा में सांसद जगदंबिका पाल और देवजीभाई गोविंदभाई फतेपार के सवाल के जवाब में केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपर्याप्त लागत और गुणवत्तापूर्ण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी की सीमित उपलब्धता के कारण इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आपदारोधी तथा पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ मकान के निर्माण में एक बाधा रही है. इसलिए सरकार ने इस बाधा को दूर करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से ग्रामीण आवास नॉलेज नेटवर्क पोर्टल की स्थापना की है.

## पिलानी के संजय सैनी बने वैज्ञानिक



झुंझुनूं। पिलानी के वार्ड 22 निवासी संजय सैनी ने भाभा परमाणु अनुसधान केन्द्र मुंबई में वैज्ञानिक अधिकारी का पद एक अगस्त को ग्रहण किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय में निजी सहायक श्री सुरेशकुमार सैनी के बेटे संजय का पिछले साल प्रतियोगी परीक्षा में चयन हुआ था। इंदिरा गांधी सेंट्र आॅटोमैटिक रिसर्च सेंटर, कलपक्कम (तमिलनाडु) में एक साल के प्रशिक्षण में संजय ने प्रथम रहते हुए गोल्ड मैडल जीता। संजय की माता श्रीमती अंजू गृहिणी व भाई श्री अजय शिक्षक हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से भौतिक शास्त्र में पीजी किया।

माली सैनी संदेश परिवार श्री संजय को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

## श्री रणवीर परिहार बनें सूरसागर माली (सैनिक क्षत्रिय) संस्थान के अध्यक्ष

जोधपुर । सूरसागर माली सैनिक क्षत्रिय संस्थान, सूरसागर जोधपुर के चुनावों में श्री रणवीर सिंह परिहार अध्यक्ष बनें। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के चुनावों के पश्चात अध्यक्ष पद के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिनेश सिंह कच्छवाह, सचिव पद पर श्री धनसिंह गहलोत एंव कोषाध्यक्ष पद पर श्री सेवाराम सांखला का चुनाव किया गया।

वुनाव अधिकारी श्री प्रेमसिंह परिहार ने बताया कि कार्यकारणी सदस्यों के चुनाव में श्री कानसिंह गहलोत, श्री प्रवीणसिंह परिहार, श्री कुन्नेसिंह परिहार, श्री भगवान सिंह सोलंकी, श्री भगवान सिंह सांखला, श्री प्रवीण सिंह कच्छवाहा, श्री कृपाराम सोलंकी, श्री गजेन्द्र सिंह टाक, श्री बलवीर सिंह देवड़ा, श्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी, श्री नरेन्द्र सिंह सांखला, श्री अमर सिंह सोलंकी, श्री नरेन्द्र तंवर, श्री हुकम सिंह देवड़ा, श्री कमलेश सोलंकी, श्री राजेन्द्र सिंह भाटी एवं श्री विरेन्द्र सिंह देवड़ा का चुनाव किया गया। इन चुनावों में निर्वतमान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत का भी मार्गदर्शन सराहनीय रहा। माली सैनी संदेश परिवार सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संस्था के चहुंमुखी विकास की मंगलकामनाएं करता है।



दिनेशसिंह कच्छवाह



धनसिंह गहलोत



रणवीरसिंह परिहार



सेवाराम सांखला

# विविध समाचार

## सीकर में डाइरेक्ट्री हो रही है तैयार

सीकर। सीकर में सैनी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्देशिका तैयार की जा रही है। इसके लिए सीकर में पदस्थापित एवं सीकर के निवासी अन्यत्र पदस्थ कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का समावेश किया जायेगा। अधिकारियों से छपे हुए प्रपत्र भरवायें जा रहे है। श्री सांवर मल सैनी (चूनवाल) से. नि. शाखा प्रबंधक शेखावाटी ग्रामीण बैंक के निर्देशन में सर्व श्री भंवर लाल सैनी से.नि. रेल गार्ड, विनोद सैनी, प्रमोद कुमार सैनी, जितेन्द्र बबेरवाल, कमल बबेरवाल व अन्य सक्रिय लोगों की टीम डाटाज एकत्रित कर रही है। इस निर्देशिका में सीकर नगर की सीमा में आने वाले लोगों को लिया जायेगा। निर्देशिका में कर्मचारी का नाम, गौत्र, पद, विभाग, फोन न. कार्यालय का पता, शहर में अस्थायी निवास का पता, स्थायी निवास का पता आदि का विवरण एकत्रित किया जा रहा है।

## सैनी समाज संस्था सीकर के बने भंवर लाल सैनी अध्यक्ष तथा सोहनलाल सैनी महासचिव

सीकर । सैनी मंदिर सैनी अतिथि सदन तथा सैनी छात्रावास की संचालक संस्था सैनी समाज संस्था, सीकर के अध्यक्ष श्री नारायण प्रसाद सिंगोदिया के लम्बे समय से गंभीर अवस्था होने के कारण सैनी समाज संस्था में कई निर्णय लेने व कार्य शुरू करने लंबित चल रहे थे।

इस स्थिति पर विचार करने के लिए 23 जुलाई 2014 को कामरेड श्री भंवर लाल सैनी (गार्ड) वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता एवं कामरेड श्री कजोड़मल सैनी के सान्निध्य में संस्था की प्रबंधकारिणी एवं आमसभा की संयुक्त बैठक सैनी अतिथि गृह में हुई। इसमें 70 लोगों ने भाग लिया। श्री नारायण प्रसाद जी अध्यक्ष की अत्यधिक अस्वस्थता को देखते हुए संस्था के कार्यो में आ रहे अवरोध को दूर करने के लिए सभा ने सर्वसम्मति से श्री नारायण प्रसाद जी के स्थान पर वर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री भंवर लाल सैनी (गार्ड) को अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। महासचिव के रिक्त चल रहे पद पर सर्वसम्मति से श्री सोहनलाल मारोठिया (प्रभारी न्याय शाखा कलक्ट्रेट) को चुना गया तथा श्री घीसालाल सैनी द्वारा त्यागपत्र दे देने से दप रिक्त हो जाने के कारण श्री मूलचन्द सैनी (पापटवाण) को कोषाध्यक्ष चुना गया।

श्री नारायण प्रसाद सिंगोदिया का निधन 30 जुलाई को हो जाने पर 21 जुलाई को सैनी सदन में श्रद्धाजलि सभा हुई।

## डॉ. पृथ्वीराज सांखला बने निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग



जयपुर। राज्य सरकार द्वारा स्थानान्तरण कर देने पर अब समाज के युवा आई.ए. एस. डॉ. पृथ्वीराज सांखला निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर बन गये है। नियुक्ति से पूर्व डाक्टर रहे जोधपुर निवासी डा. पृथ्वीराज पूर्व में बीकानेर एवं पाली के जिला कलक्टर रह चुके हैं।

## चरु जिला कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान का नव निर्वाचन सम्पन्न

चरू। सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान की चुरू जिला कार्यकारिणी का नव निर्वाचन 3 अगस्त को श्री उम्मेदराज सैनी एडवोकेट निर्वाचन अधिकारी एवं श्री नरेन्द्र सैनी एडवोकेट सह निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न हुए।

निर्वाचन में श्री भंवर लाल गौड़ अध्यक्ष, बजरंग लाल सैनी महामंत्री एवं ओम प्रकाश बागड़ी कोषाध्यक्ष चुने गये। ये तीनों पदाधिकारी अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।

## डांस के क्षेत्र में उभरती हुई बाल प्रतिभा निखिल सांखला

अजमेर में नगर स्तर के कम्पीटीशन में धाक जमाने के बाद 10 वर्षीय बाल कलाकार निखिल सांखला ने स्टेट लेवल के डांस कम्पीटीशन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर लिया है।

30 जुलाई 2014 को उदयपुर सिटी के 'सिटी मॉल सभागार' में राजस्थान प्रदेश के भिन्न भिन्न नगरों कस्बों से आये 200 दलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ' के.एम.एक्स. एकेडमी, कुन्दननगर अजमेर ने। इस एकेडमी के 3 सदस्यीय दल ने ग्रुप डांस – सिनियर वर्ग में भाग लिया। एकेडमी के प्रशिक्षक करीम, प्रशिक्षु नरेश एवं निखिल ने बेहतरीन डांस प्रस्तुत किया। दल को द्वितीय स्थान की ट्राफी एवं प्रमाण पत्र मिले।

ट्राफी विशेष आमंत्रित सेलेब्रेटी इण्डिया फेमस डांसिग स्टार सुशांत खत्री के हाथों से दिलवाई गई। टेप योर टो 2014 नामक यह कम्पीटीशन मुम्बई नीतू चौपड़ा की प्रसिद्ध डांस एकेडमी की राजस्थान प्रदेश शाखा 'नीतांजु इवेन्ट्स' उदयपुर सिटी द्वारा आयोजित किया गया था। डाइरेक्टर नीतू चौपड़ा ने बालकलाकार निखिल सांखला को विशेष रूप से मंच पर बुलाकर शाबासी दी।

निखिल सांखला माली मौहल्ला, कुन्दननगर निवासी स्व. विजय सिंह सांखला का पौत्र एवं ओम प्रकाश सांखला का पुत्र है। इसके ताऊजी हैं- वीरसिंह, राजू पत्थर वाला तथा महेन्द्र सांखला।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपाध्यक्ष, नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मंडल महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, (पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भाराताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा


श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई

# माली सैनी सन्देश ही क्यों ?










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

### सदस्यता राशि

| एक वर्ष रु. 150/- | दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|---|

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

सदस्यता रजिस्ट्रेशन संख्या ____________ रसीद क्रमांक ____________

दिनांक ____________

सदस्यता हेतु लिखे
प्रसार प्रभारी

हस्ताक्षर

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

### क्योकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

### क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

**COLOR (Full Page)**

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

**BLACK**

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर





राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए माली समाज के प्रथम विद्यालय सुमेर स्कूल के 117वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल स्मारिका में अपने बचपन की फोटो को देखते हुए श्री अशोक गहलोत साथ में श्री राजेन्द्र सोलंकी एवं श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा

## भोपाल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित प्रबुद्धजन एवं सम्मानित होती प्रतिभाएं







## कुशवाह महासभा द्वारा आयोजित लवकुश जंयति समारोह में उपस्थित श्रीमती अल्का सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा, ऑल इण्डिया माली सैनी समाज ;महिलाद्ध,एवं अन्स प्रबुद्धजन तथा समारोह में निकाली गई झांकी





हार्दिक
बधाई



जालोर नगर परिषद आयुक्त श्री शंकरलाल गहलोत को भारत के राष्ट्रपति द्वारा उत्साह और उच्च कोटि की सेवाओं के लिए रजत पदक से जिला कलेक्टर जालोर द्वारा सम्मानित किया गया।

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

CIMS

# केर इन्स्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज

प्रिमियर मल्टी-सुपर स्पेशयलिटी ग्रीन अस्पताल

## सीम्स अस्पताल



## डॉ. विनित सांखला

MD, DM - Cardiology (CMC Vellore), FESC, FISE
Fellow - Mayo Clinic, Rochester, USA

**इन्टरवेन्शनल कार्डियोलोजीस्ट एवं**
**कार्डियाक इलेक्ट्रोफिजियोलोजीस्ट**

मोबाईल : **+91-99250 15056**
ई-मेल : vineet.sankhla@cimshospital.org,
vineet.cardio@gmail.com
www.cims.me

### इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- इसीजी
- ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी)
- 2-डी इको और 3-डी इको कलर डॉप्लर के साथ
- एडेनोसाईन और डोब्युटामाइन स्ट्रेस 2-डी इको
- ट्रान्सेसोफेगल इकोकार्डियोग्राफी (TEE)
- होल्टर मोनिटरींग
- 24 घंटे एम्ब्युलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरींग
- इवेन्ट रेकोर्डर और किंग ऑफ हार्ट लूप मॉनिटर
- टिल्ट टेबल टेस्ट/हेड अप टिल्ट टेस्ट
- सिग्नल एवरेजड इसीजी
- नोन7इन्वेसीव इपी स्टडी(एनआइआइपीएस)

### नॉन- इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी और स्टेन्ट्स (सिर्फ आंतरिक, एफडीए प्रमाणित स्टेन्ट्स ही प्रयोग करते है)
- बलून वाल्वयुलोप्लास्टी (सभी वाल्वस)
- बलून एन्जियोप्लास्टी (कोरोनरी, केरोटिड, रिनल, पैर)
- जन्मजात हृदय की बिमारी का इलाज
- हाइपरट्रोफिक कार्डियोमायोपथी (PTSMA)

### इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी प्रक्रियाए (हृदय की अनियमित धड़कन के लिये)

- इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी अभ्यास (इपीएस) कार्डियाक एरेथिमिया के निदान के लिए (परंपरागत और 3 -डी डायमेन्शनल मेपिंग सिस्टम)
- काम्प्लेक्ष कार्डियाक ऐरेथिमिया का ऐरेथिमिया का रेडियोफ्रिकवन्सी एब्लेशनस (आरएफओ)
- पेसमेकर इम्लान्टेशन
- हार्ट फेल्योर के लिए बायवेन्ट्रीक्यूलर पेसींग (कार्डियाक रिसिन्क्रोनाइझेशन थेरोपी)
- ओटोमेटिक इम्प्लान्टेशन कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (एआइसीडी) इम्लान्टेशन
- कोम्प्रिहेन्सिव डिवाइस फोलोअप क्लिनिक (पेसमेकर, सीआरटी, एआइसीडी)




CIMS®
Care Institute of Medical Sciences
At CIMS... We Care

**सीम्स अस्पताल**

शुकन मॉल के पास, ऑफ सायनस सिटी रोड, सोला
अहमदाबाद - 380060

एपोइन्टमेन्ट के लिये फोन : **+ 91-79-3010 1200, 3010 1008**
(मो) **+91-98250 66661** ईमेल : opd.rec@cimshospital.org
फोन : +91-79-2771 2771-75 (5 नंबर्स)
फेक्स : +91-79-2771 2770
ईमेल : info@cims.me वेब : www.cims.me

**एम्बयुलन्स और आपातकालीन सेवायें : 91-98244 50000, 97234 50000, 90990 11234**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org